तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 18 फरवरी 2026

11 जनदर्शन में कलेक्टर उइके ने सुनीं 34 लोगों की...



12 राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स चैम्पियनशीप में जिले के...









आवश्यकता है
कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये
• सेल्समेन-सेल्सगर्ल
• कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
• लेडिस स्टॉफ
आकर्षक वेतन दिया जाएगा
काका होजियरी
गंज रोड, नवापारा (राजिम)
फोन : 9893744470

## विडंबना : सिकासार, सोढूर व हाथदहरा के लोग मूलभूत बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे

# कमार जनजाति के लोग आज भी मछली का शिकार कर जीवन यापन करने मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

राज्य व केंद्र सरकार द्वारा विशेष पिछड़ी कमार जनजाति आदिवासियों के विकास और उत्थान के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित किया जा रहा है इसके बाद भी कमार जनजाति आदिवासी ग्रामीण लोग मूलभूत बुनियादी सुविधाओं से महरूम हैं और तो और बहुत सीमित जरूरत की चीजों से अपना जीविका उपार्जन करते हैं। तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 38 किलोमीटर दूर गरियाबंद जिले के एकमात्र सिंचाई परियोजना सिकासार जलाशय के डुबान क्षेत्र में कुछ कमार परिवार के लोग पिछले कई वर्षों से अस्थाई झोपड़ी का निर्माण कर यह निवास करते हुए अपना जीविका उपार्जन कर रहे हैं और इनके जीविका उपार्जन का मुख्य साधन मछलियों का शिकार कर और अपने पारंपरिक बास बर्तन का निर्माण कर उससे मिलने वाली आमदनी से जिंदगी का गुजर बसर करने मजबूर हो रहे है। सिकासार जलाशय के डुबान ▶▶|शेष पेज 10 पर





### बुनियादी सुविधाओं से महरूम

इसी तरह सोढूर जलाशय डुबान क्षेत्र देवदहारा जलाशय के ऊपर हाथ दहरा क्षेत्र में भी कई कमार परिवार पिछले वषोंर् से अस्थाई झोपड़ी बनाकर मछली का शिकार कर अपने जीविका उपार्जन करते आ रहे हैं। इन कमार जनजाति के लोगों को शासन प्रशासन के द्वार संचालित योजनाओं का जो लाभ मिलना चाहिए वह अब तक नहीं मिला है बावजूद इसके इन लोगों को शासन प्रशासन से कोई शिकायत नहीं है उनका कहना है की सरकार चाहे तो उनके लिए गांव में पक्का मकान के साथ ही खेती किसानी के लिए जमीन सुधार कर दे दिया जाए तो वे लोग भी स्थाई रूप से खेती किसानी कर अपना जीविका उपार्जन कर सकते हैं एक तरफ कमार जनजातियों के विकास के लिए गरियाबंद में कमार विकास अभिकरण कार्यालय का स्थापना कर अनेक प्रकार की दर्जनों योजनाएं संचालित किया जा रहा है जिससे कमार जनजातियों का जीवन स्तर ऊंचा हो सके, लेकिन इन योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर पर कमार जनजाति आदिवासियों ग्रामीणों को मिल रही है या नहीं इसको देखने वाला विभाग के जिम्मेदार अधिकारी क्षेत्र में दिखाई नहीं देते, नहीं तो आज कमार जनजाति के ग्रामीणों की जीवन स्तर में बदलाव निश्चित रूप से नजर आता आखिर क्या वजह है कि शासन प्रशासन के तमाम योजनाओं के बावजूद भी कमार जनजाति के लोग विकास क्रम से लगातार पिछड़ते जा रहे हैं जो एक बड़ी सवाल को जन्म देता हैं।

### हाथियों के पसंदीदा स्थल पर खतरे में जिंदगी

इस संबंध में कमार जनजाति के ग्रामीण बुधराम, जगदीश, नरंजन, माधव राम, तिरोराम, दुरजोराम बताया कि उनके परिवार पिछले कई वर्षों से सिकासेर जलाशय डूबा क्षेत्र में निवास करते हैं यह उन्हें आसानी से छोटी-छोटी मछलियां और कंदमूल अपने जीविका उपार्जन के लिए मिल जाता है इसके साथ ही यह निवास कर जंगल से बांस लाकर बांस बर्तन बनाकर उसे सप्ताहिक बाजार में ले जाकर बेचते हैं। उन्होंने बताया हमेशा यहां जंगली हाथियों के दल का डर बना रहता है लेकिन वन विभाग द्वारा हाथियों के दल आने से पूर्व मुनादी कर इसकी सूचना दी जाती है जिससे उन्हें अपने सुरक्षित स्थान गांव तक पहुंचने में अब तक सुविधा मिलती रही है।



### स्पॉन्सरशिप योजना के तहत बच्चों को 55.22 लाख की सहायता

**गरियाबंद।** जिले में स्पॉन्सरशिप योजना के तहत विशेष देखरेख वाले बच्चों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। कलेक्टर बीएस उइके के निर्देशन एवं अध्यक्षता में योजना का क्रियान्वयन किया गया। इस प्रक्रिया में जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार पाण्डेय, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी समीर सौरभ तथा जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री अनिल द्विवेदी के मार्गदर्शन में मिशन वात्सल्य, महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम द्वारा सामाजिक जांच एवं दस्तावेज सत्यापन की कार्यवाही पूर्ण की गई। राज्य बाल संरक्षण समिति, संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग, इन्द्रावती भवन से प्राप्त 55,22,000 रुपये की आबंटन राशि से कुल 403 विशेष देखरेख वाले बच्चों को प्रतिमाह 4000 रुपये की दर से तीन माह की राशि उनके खातों में हस्तांतरित की गई है। यह राशि बच्चों की शिक्षा, कौशल विकास एवं बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए प्रदान की गई है। योजना के तहत उन्हीं बच्चों को लाभान्वित किया जाता है जो नियमित रूप से स्कूल या आंगनबाड़ी में उपस्थित रहते हैं। जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संबंधित बच्चों की सूची पते सहित शिक्षा विभाग एवं परियोजनाओं ▶▶|शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### 389 लाख के निर्माण कार्यों का आज होगा भूमिपूजन

**फिंगेश्वर।** नगर पंचायत के अंतर्गत 18 फरवरी को अधोसंरचना मद से विभिन्न निमार्ण कार्यो का भूमिपूजन एवं शिलान्यास एवं विभिन्न सामाजिक भवनों का शिलान्यास एवं भूमिपूजन कुल लागत 389.04 लाख का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित



साहू, अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष धनराज राजेन्द्र सूर्यवंशी करेंगे। विशिष्ट अतिथि जनपद अध्यक्ष इंद्राणी साहू, जिला पंचायत सभापति नंदनी कोमल ढीढी, जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव, भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष मंजूलता हरित, वरिष्ट भाजपा नेता भागवत हरित, पूनम यादव, फणीकेश्वरनाथ महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष राजू साहू, भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष मनीश हरित, नवदुर्गा समिति के अध्यक्ष संतोश पुरी गोस्वामी, दर्रीपार सतनामी समाज के अध्यक्ष संतोश ढीढी, सतनामी समाज के अध्यक्ष संतोश मांडले फिंगेश्वर, नगर साहू संघ के अध्यक्ष उमाशंकर साहू, ब्लाक समन्वयक मधु यदु, नीता तिवारी, मितानीन प्रशिक्षिक भुनेश्वरी साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष दीपक श्रीवास, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव, सभापति अनिल चंद्रारकर, सभापति चंचल कमलेश यदु, सभापति कुसुम डोमार ध्रुव, पार्षदगण रामाधीन साहू, हेमनारायण महिंलांग, पदमा यदु, शांति कोसरे, रामनारायण टांडेकर, नरेन्द्र रात्रे, अभिषेक सोनी, चांदनी कमलेश कश्यप, डॉ. हरिश हरित, टीकाचंद ध्रुव होंगे। कार्यक्रम दोपहर 1 बजे हाईस्कूल मैदान फिंगेश्वर में संपन्न होगा।कार्यक्रम को लेकर नगर पंचायत के सीएमओ चंदन मानकर ने नगर के नागरिकों को आमंत्रित किया है।

### तर्री कॉलेज में स्नेह सम्मेलन आज

**नवापारा-राजिम।** श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन 18 फरवरी सुबह 11 बजे होने जा रहा है। यह जानकारी देते हुए प्राचार्य मधुरानी शुक्ला एवं जनभागीदारी के अध्यक्ष जीना निषाद ने बताया कि



कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक इंद्रकुमार साहू होंगे। अध्यक्षता ओमकुमारी-संजय साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद नवापारा करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, जनपद सदस्य वर्षा मिश्रा एवं तर्री के सरपंच लता-लखन लाल सिन्हा मौजूद रहेंगे।

# विकास के पहिये थमे, तीन वर्षों से उधार के इंजीनियर के भरोसे करोड़ों के निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा




नगर पंचायत छुरा में विगत 3 वर्षों से इंजीनियर दूसरे जिला पर आश्रित कार्य हो रहा है जिससे मूल्यांकन कार्य के साथ-साथ एस्टीमेट, गुणवत्ता सहित सभी प्रकार के कार्य प्रभावित हो रहे हैं इससे अंदाज लगाया जा सकता है कि शासन नगर पंचायत के कार्यो को लेकर कितना गंभीर है? नगर पंचायत में विगत 3 वर्षों से इंजीनियर दूसरे नगर पंचायत और अब दूसरे जिला पर आश्रित हो गया है जिससे मूल्यांकन सहित काफी कार्य प्रभावित हो रहे हैं इसके 2 साल पूर्व नगर पंचायत फिंगेश्वर, राजिम के इंजीनियर यहां का कार्य देखते थे किंतु अब उससे आगे बढ़कर रायपुर जिला के नगर पालिका नयापारा के इंजीनियर यहां के कार्य की देखरेख करते हैं जो कभी एक हफ्ता और कभी 15 दिन में आकर सिर्फ औपचारिकता निभाते हैं जबकि नगर पंचायत में करोड़ों रुपए के कार्य संचालित होते हैं इसके अलावा नए कार्यों के लिए स्थल निरीक्षण उसके एस्टीमेट सहित अन्य कार्य भी इंजीनियर के द्वारा किया जाना है किंतु इंजीनियर नहीं होने से अंदाज लगाया जा सकता है कि कार्य कितना प्रभावित हो रहा है साथ ही साथ निर्माण हो चुके कार्यों का समय पर मूल्यांकन नहीं हो पता जिस ठेकेदारों मजदूरों का भी भुगतान रुकता है इसके अलावा कार्यों को देखकर के लिए नहीं होने की वजह से गुणवत्ता पर भी असर पड़ता है अब अंदाज लगा सकते हैं कि ▶▶|शेष पेज 10 पर

## राजिम-छुरा मार्ग की बदलेगी सूरत, चौड़ीकरण के लिए 145 करोड़ स्वीकृत

**गरियाबंद।** राज्य शासन ने गरियाबंद जिले के राजिम से छुरा मुख्य जिला मार्ग के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण के लिए 145 करोड़ 62 लाख रुपए स्वीकृत किए हैं। इस राशि से 43.5 किमी लंबे इस मार्ग को चौड़ा और सुदृढ़ किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद राज्य शासन ने मंत्रालय से आज राशि स्वीकृति के संबंध में प्रमुख अभियंता को परिपत्र जारी कर दिया है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कार्य में प्रयुक्त की जाने वाली सामग्रियों एवं संपूर्ण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए हैं। किसी भी स्तर पर कार्य की गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर उत्तरदायित्व का निर्धारण करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। लोक निर्माण विभाग ने प्रमुख अभियंता को कार्य की निविदा समय-सीमा में करने, निर्माण कार्य प्राक्कलन व कार्य संपादित करने में मितव्ययिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने निर्माण एजेंसी से अनुबंधित समय-सीमा में काम पूर्ण किया जाना सुनिश्चित कराने को कहा है। कार्य पूर्ण किये जाने के लिए अनावश्यक समय-सीमा वृद्धि नहीं किए जाने के भी निर्देश विभाग ने दिए हैं। अपरिहार्य एवं नियंत्रण से बाहर मान्य कारणों के आधार पर ही सक्षम अधिकारी द्वारा समय-सीमा में वृद्धि की जा सकेगी।

# तेंदुए का तांडव, घर में घुसकर 4 बकरियों को बनाया शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम रसेला के बेलडीही पारा में मंगलवार रात करीब 1 से 1.30 बजे रूपसिग पिता रामलाल भुजिया के दो बकरी को मार डाला और एक बकरी को उठाकर ले गए, और चौथे बकरी को घायल कर दिया गया है। रुपसिंह भुजिया ने बताया कि घर के कोठा में बंधे बकरी को अपना शिकार बनाया गया है। उसने कहा कि जब तेंदुआ घर में घुसकर शिकार कर रहे थे तो कुत्ते ने बहुत भोके तब जाकर देखा तो दो बकरी को मार डाला और एक को घायल और एक को अपने साथ ले गए। कुल मिलाकर चौथे बकरी को अपना निवाला बना गया है। गांव में अक्सर तेंदुआ मवेशियों के ऊपर हमला करता रहता है। यहां अधिकांश लोग विशेष पिछड़ी जनजाति के है। ग्रामीण रात भर जागकर बच्चों और मवेशियों की रखवाली कर रहे हैं, तेंदुआ



बकरियों, पालतू कुत्तों और अन्य मवेशियों का शिकार बना रहा है। तेंदुआ के आतंक से लोग परेशान हैं। तेंदुआ रात में बकरियों को घर से उठा ले जा रहा है। पशुपालकों का नुक़सान हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है उनकी परेशानी को वन विभाग गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। इनकी जानकारी सुबह वन विभाग को दिया गया, वनकर्मी और पशु ▶▶|शेष पेज 10 पर

## लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण और पारदर्शिता पर सख्त निर्देश

# समय-सीमा में जनसमस्याओं का करें निराकरण : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर बीएस उइके ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में विभागीय कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर, अपर कलेक्टर पंकज डाहिरे सहित जिला स्तरीय अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी और विकासखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत 15 दिवसीय राजिम कुंभ कल्प 2026 के सफल आयोजन पर अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए हुई। कलेक्टर ने कहा कि लाखों श्रद्धालुओं की उपस्थिति के बीच सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता, पेयजल और स्वास्थ्य सेवाओं का सुचारू संचालन प्रशासनिक समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने स्पष्ट किया कि



### लंबित प्रकरणों पर जताई नाराजगी

अब सभी विभाग आगामी लक्ष्यों की प्राप्ति में तेजी लाएं। कलेक्टर ने विभागीय लंबित प्रकरणों, योजनाओं की प्रगति और वार्षिक लक्ष्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि कार्यों में लापरवाही या अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अचल संपत्ति विवरण को पूर्णतः ऑनलाइन दर्ज करने की प्रक्रिया को समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए और कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो। जनसमस्याओं के निराकरण पर विशेष जोर देते हुए कलेक्टर ने सीएम जनदर्शन, सीपी ग्राम और उच्च कार्यालयों से प्राप्त आवेदनों के त्वरित व संतोषजनक निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय-सीमा में रिपोर्ट प्रस्तुत करना अनिवार्य है। पीजी पोर्टल और सीपी ग्राम में लंबित मामलों की संख्या अधिक पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी जताई और अगले सप्ताह तक सभी प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए। देरी पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

**पीएम आवास और ई-केवाईसी में तेजी लाने के निर्देश-** बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। पात्र हितग्राहियों के ई-केवाईसी और जियो-टैगिंग कार्य में तेजी लाने तथा आवास निर्माण में गति लाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा राज्यपाल गोदग्राम योजना अंतर्गत ग्राम बिजली को आदर्श ग्राम बनाने की दिशा में कार्यों की सूची तैयार कर निर्धारित समय में पूर्ण करने को कहा गया। शासकीय और अर्धशासकीय कार्यालयों में स्मार्ट बिजली मीटर स्थापना की ▶▶|शेष पेज 10 पर

## मासूम ने जीती जिंदगी की जंग

# चिरायु टीम के प्रयास से सफल हुआ हार्ट ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर विकासखंड से लगभग 60 किलोमीटर दूर स्थित दुर्गम ग्राम कोदोमाली की 2 वर्षीय मासूम कु. चिनमाहिका नेताम आज पूरी तरह स्वस्थ होकर अपने परिवार के बीच नए जीवन की शुरुआत कर रही है। विभागीय अधिकारी ने बताया कि यह बच्ची लंबे समय से हृदय संबंधी गंभीर बीमारी से पीड़ित थी। इसके साथ ही वह गंभीर कुपोषित श्रेणी में शामिल थी, जिससे उसकी स्वास्थ्य



की स्थिति लगातार कमजोर होती जा रही थी। उनके परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने और क्षेत्र दुर्गम होने के कारण परिवार बच्ची को उचित इलाज नहीं मिल पा रहा था। इसी बीच मैनपुर में आयोजित मेगा बाल संदर्भ शिविर ने इस बच्ची के जीवन में आशा की किरण जगाई। शिविर में स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने जांच के दौरान उसकी गंभीर अवस्था को पहचानते हुए उसे तुरंत चिन्हांकित किया। इसके बाद पूरा मामला चिरायु टीम ▶▶|शेष पेज 10 पर

**बैठक : घर-घर जाकर खिलाई जा रही है दवा**

# फाइलेरिया मुक्त होगा जिला, राजिम और छुरा में 3.13 लाख लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

फाइलेरिया, जिसे आम भाषा में हाथीपांव कहा जाता है, यह एक गंभीर बीमारी है जो व्यक्ति को शारीरिक रूप से अक्षम बना देती है। जिले में वर्तमान में 177 लिम्फोडिमा एवं 40 हाइड्रोसिल के मरीज चिन्हित हैं। इनमें सर्वाधिक 134 मरीज विकासखंड राजिम में पाए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि यह बीमारी परजीवी क्यूलेक्स फॅटिंगस मादा मच्छर के काटने से फैलती है। जब यह मच्छर किसी संक्रमित व्यक्ति को काटता है तो स्वयं संक्रमित हो जाता है और फिर स्वस्थ व्यक्ति को काटने पर परजीवी रक्त के माध्यम से उसके शरीर में प्रवेश कर जाते हैं, जिससे वह भी फाइलेरिया से ग्रसित हो सकता है। बीमारी की रोकथाम एवं जनजागरूकता के लिए कलेक्टर भगवान सिंह उइके के निर्देश पर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यूएस नवरत्न के मार्गदर्शन में जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा 10 फरवरी 2026 से 25 फरवरी 2026 तक फाइलेरिया उन्मूलन गतिविधि कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।

- कलेक्टर ने नागरिकों से दवा सेवन कर अभियान सफल बनाने की अपील



## गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों को ना दे दवा



अभियान के तहत विकासखंड राजिम एवं छुरा में कुल 3 लाख 13 हजार 965 लोगों को डीईसी, आइवरमेक्टिन एवं अल्बेंडाजोल दवाइयां खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा घर-घर पहुंचकर नागरिकों को उनके समक्ष दवा सेवन कराया जा रहा है। एक वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं, अति वृद्ध एवं गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों को दवा नहीं दी जाएगी। कलेक्टर श्री उइके ने राजिम एवं छुरा क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित समय पर दवा का सेवन कर अभियान को सफल बनाएं। प्रशासन ने सभी नागरिकों से परिवार के प्रत्येक सदस्य को दवा सेवन सुनिश्चित कराने तथा अभियान में पूर्ण सहयोग देने की अपील की है।

# बोरसी में वजन त्योहार मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा 9 से 18 फरवरी तक विकासखंड के सभी आंगणबाड़ी केन्द्रों मे बच्चो मे विभिन्न प्रकार के होने वाले बिमारी का संज्ञान लेने वजन त्योहार मनाया जा रहा है। इस वनज त्योहार के माध्यम से बच्चों का वजन करने से पता चलता है कि बच्चे कुपोषित है



या सुशोशित है और कुपोशित बच्चे होने पर उनका इलाज कराया जाता है। इसी कड़ी में ग्राम बोरसी के आंगणबाड़ी केन्द्र मे बच्चों का वजन किया गया। उक्त अवसर में सरपंच सती अनुसुइया साहू, महिला बाल विकास विभाग की पर्वेक्षक नम्रता वर्मा, पंचायत सचिव कोमल राम साहू आगणबाड़ी कार्यकर्ता सीता साहू, सहायिका झामिन साहू, नेमा साहू, नीलम निषाद, ममता साहू एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष...

### कमार जनजाति के...

क्षेत्र में हमेशा वन्य प्राणी हिंसक जंगली जानवरों का डर भी बना रहता है गर्मी के दिनों में वन्य प्राणी अपना प्यास बुझाने जलाशय के आसपास मंडराते रहते हैं जिससे हमेशा उन्हें खतरा बना रहता है तो वहीं दूसरी ओर यहां क्षेत्र हाथियों के पसंदीदा स्थल के रूप में भी जाना जाता है जब भी हाथियों का दल मैनपुर क्षेत्र के जंगल के तरफ पहुंचते हैं तो सिकासार जलाशय के डुबान क्षेत्र में लगभग एक सप्ताह से ज्यादा समय तक ठहरने के बाद ही हाथियों का दल आगे बढ़ता है क्योंकि हाथियों को पानी और हरा चारा यहां पर्याप्त मात्र में हमेशा उपलब्ध मिलता है ऐसे समय में इस डुबान क्षेत्र में निवास करने वाले कमार जनजाति आदिवासी लोगों को गांव में आकर निवास करना पड़ता है और जब हाथियों का दल यहां से वापस चले जाता है तब फिर वह अपने अस्थाई झोपड़ियों में आकर अपने जीविका उपार्जन के लिए दिन रात मेहनत करते दिखाई देते हैं।

### स्पॉन्सरशिप योजना के...

को प्रेषित की गई है। प्राचार्यों एवं शिक्षकों से अपेक्षा की गई है कि बच्चों के खातों में हस्तांतरित राशि का उपयोग पढ़ाई, कॉपी-पुस्तक, फीस, स्वास्थ्य, पोषण, आवश्यक वस्त्र एवं अन्य बुनियादी आवश्यकताओं में सुनिश्चित कराया जाए। साथ ही बच्चों की नियमित उपस्थिति और आवश्यक मॉनिटरिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिला प्रशासन ने जानकारी दी है कि पूर्व में राशि एकमुश्त 4000 रुपये के रूप में प्रदर्शित होती थी, किन्तु अब शासन के निर्देशानुसार एसएनए प्रणाली के माध्यम से राशि का हस्तांतरण किया जा रहा है। इस व्यवस्था के तहत कुल राशि का 60 प्रतिशत (केन्द्रांश) एवं 40 प्रतिशत (राज्यांश) अलग-अलग किश्तों में खातों में प्रदर्शित होगा। उदाहरण स्वरूप, दो माह की 8000 रुपये की राशि में 4800 रुपये केन्द्रांश तथा 3200 रुपये राज्यांश के रूप में पृथक-पृथक हस्तांतरित किए जाएंगे। जिला प्रशासन ने हितग्राहियों से अपील की है कि वे खातों में राशि के विभाजित स्वरूप को ध्यान में रखें।

### विकास के पहिये...

50 किलोमीटर दूर से इंजीनियर आने पर कितने कार्यों की देखरेख करते होंगे, क्षेत्र में 15 वार्ड और लगभग 8 से 10000 मतदाता है और प्रतिवर्ष क्षेत्र फल बढ़ता जा रहा है जिससे कार्य भी बढ़ रहा है और नए कार्यों के लिए एस्टीमेट सहित सभी प्रकार की आवश्यकत पड़ती है। इस संबंध में नगर पंचायत के अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद ने कहा कि इंजीनियर नहीं होने से कार्य काफी प्रभावित हो रहा है इसके लिए लगातार क्षेत्र के सांसद, विधायक एवं मंत्री से इंजीनियर की मांग कर चुके हैं किंतु अब तक इंजीनियर नहीं मिला है और अब तो नयापारा से इंजीनियर से काम चलाना पड़ रहा है।

### तेंदुए का तांडव...

विभाग मौके पर पहुंचकर पोस्ट मार्टम के बाद पंचनामा तैयार किया। चारो बकरी की कीमत 20,000 आंकी गई है। गांव में लोग मंगलवार रात घरों में सो रहे थे। तभी जंगल से निकलकर एक तेंदुआ गांव निवासी रूपसिंह भुजिया के घर में घुस गया। तेंदुआ ने आंगन में बंधी बकरियों पर हमला कर दिया। बकरियों की छटपटाहट और कुत्तों की आवाज सुनकर कमरे में सो रहे परिवारीजनो की नींद खुली तो आंगन में तेंदुआ को देखकर सभी सकते में आ गए। शोर अधिक होने पर तेंदुआ घर से निकलकर जंगल की ओर भागे। लेकिन तब तक तीन बकरियों की मौत हो चुकी थी। एक बकरी घायल हो गई। आसपास के जंगलों से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में तेंदुए का मूवमेंट ज्यादा हो गया है, जिसकी वजह से कई गांवों में दहशत का माहौल है।

### समय-सीमा में...

जानकारी लेते हुए अधिकारियों ने बताया कि जिले के सभी कार्यालयों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। कलेक्टर ने दोहराया कि विभागीय लक्ष्यों की नियमित समीक्षा की जाएगी और शासकीय कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता तथा उत्तरदायित्व सुनिश्चित करना सभी अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

### चिरायु टीम के...

को सौंपा गया। टीम ने तत्परता दिखाते हुए बच्ची को उच्च स्तरीय अस्पताल में रेफर कराया, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों ने विस्तृत परीक्षण कर सफलतापूर्वक उसका हार्ट ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के बाद स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की नियमित मॉनिटरिंग, पौष्टिक आहार और चिकित्सा देखरेख के चलते बच्ची की स्थिति में तेजी से सुधार हुआ। पहले वह गंभीर कुपोषण से जूझ रही थी, लेकिन अब उसका वजन सामान्य स्तर पर पहुंच चुका है। हालांकि उसकी ऊंचाई अभी उम्र के अनुसार अपेक्षाकृत कम है, जिसके लिए डॉक्टरों ने उचित पोषण और समय-समय पर जांच जारी रखने की सलाह दी है। बच्ची के स्वस्थ होने पर परिवार ने भारी खुशी व्यक्त की है। परिजनों ने महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य अमले और चिरायु टीम के प्रति हृदय से धन्यवाद प्रकट किया है।

# संकुल प्राचार्य ने किया स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



शिक्षा में कसावट ल लाने हेतु संकुल केंद्र बिजली के विभिन्न विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान नवाडीह बिजली, सरस्वती शिशु मंदिर बिजली, प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला बिजली का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य रामनारायण मिश्रा मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई, अध्ययन अध्यापन, नियमित उपस्थिति, आधार सीडिंग, आधार अपडेट ,छात्रवृत्ति, आय जाति, निवास प्रमाण पत्र, वार्षिक परीक्षा परिणाम में बेहतर सुधार लाने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने सभी शाला के संस्था प्रमुखों को मध्यान्ह भोजन गुणवत्ता पूर्ण देने,वहीं सभी छात्र छात्रओं का आय,जाति,निवास प्रमाण पत्र, आधार सीडिंग, एम.बी.यू.कार्य पूर्ण कराने हेतु शिक्षकों को निर्देशित किया ताकि कोई भी विद्यार्थी शासन से मिलने वाली छात्रवृति एवं अन्य योजना के लाभ से वंचित न हो। इस अवसर पर व्याख्याता पूरन लाल साहू, प्रधान पाठक विद्या बोरझा, बिसरू राम निषाद, शिक्षक नंदकुमार यादव, टिकेंद्र यदु, मोहन लाल साहू,कृपा राम बघेल, वीरेंद्र यदु,टकेश धुरव प्रगति देवांगन एवं शाला के शिक्षक गण उपस्थित थे।







संकलनकर्ता : दीपक पोद्दार, हरिभूमि संवाददाता, फिंगेश्वर, विज्ञापन एवं समाचार के लिये संपर्क करें : मो. 9826377127

खबर संक्षेप

## कुंभ कल्प मेला शांति पूर्वक संपन्न, विधायक ने जनता और प्रशासन का जताया आभार

**राजिम।** माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक चले पंद्रह दिवसीय कुंभकल्प मेले के सफल और शांतिपूर्ण समापन पर विधायक रोहित साहू ने राज्य शासन ,जिला प्रशासन गरियाबंद, और विधानसभा क्षेत्र की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह भव्य आयोजन प्रशासनिक



समन्वय, जनसहभागिता और श्रद्धालुओं के अनुशासन का परिणाम है। विधायक रोहित साहू ने अपने संदेश में कहा कि राज्य में आयोजित कुंभकल्प मेला आस्था, संस्कृति और सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम रहा। दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर जिला प्रशासन ने पूरी तत्परता से कार्य किया। साफ-सफाई, यातायात नियंत्रण, पेयजल, स्वास्थ्य और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किए गए प्रयास सराहनीय रहे। उन्होंने विशेष रूप से मेला ड्यूटी में लगे कमिश्नर रायपुर, कलेक्टर गरियाबंद, एसपी गरियाबंद, सीइओ गरियाबंद, एसडीएम राजिम सहित सभी अधिकारियों-कर्मचारियों, पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, नगर पंचायत तथा स्वयंसेवी संगठनों के योगदान की प्रशंसा की। विधायक श्री साहू ने कहा कि आम जनता ने भी अनुशासन और सहयोग की मिसाल पेश करते हुए मेले को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### जनदर्शन : नाम परिवर्तन से लेकर बीमा क्लेम तक पर दिए सख्त

# जनदर्शन में कलेक्टर उइके ने सुनीं 34 लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर बीएस उइके ने जिले के विभिन्न ग्रामों से पहुंचे 34 आवेदकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। जनदर्शन में बीमा दावा, बैंक ऋण, गांव का नाम परिवर्तन, पुलिया निर्माण, सोलर पंप सुधार और आर्थिक सहायता जैसे दैनिक जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर आवेदन प्रस्तुत किए गए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि जनदर्शन का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है, इसलिए किसी भी आवेदन को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी प्रकरणों की जांच कर शीघ्र और संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्राम चौतरा के गजानंद साहू ने बीमा राशि दिलाने की मांग रखी। इस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को प्रकरण का परीक्षण कर तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। ग्राम गदहीडीह के ग्रामीणों ने गांव का नाम परिवर्तन प्रस्ताव लंबित होने की जानकारी दी, जिस पर राजस्व विभाग को आवश्यक औपचारिकताएं शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

ग्राम सेम्हरा की मुक्ता बाई ने बैंक ऋण में आ रही बाधाओं की शिकायत की। कलेक्टर ने बैंक अधिकारियों को पात्र हितग्राहियों को योजनानुसार ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। ग्राम बोकरामुड़ा के ग्रामीणों ने आवागमन में हो रही परेशानी को देखते हुए पुलिया निर्माण की मांग की। इस पर जनपद और तकनीकी विभाग को स्थल निरीक्षण कर प्रस्ताव तैयार करने कहा गया।

### संवेदनशीलता के साथ निराकरण के निर्देश

ग्राम पंचायत झखरापारा के लोचन यादव ने खराब सोलर पंप की मरम्मत की मांग रखी, जिस पर ऊर्जा विभाग और जनपद पंचायत को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। वहीं ग्राम चिखली के दिव्यांग भीष्म साहू ने आर्थिक सहायता की गुहार लगाई। कलेक्टर ने पात्रता परीक्षण कर शीघ्र सहायता उपलब्ध कराने को कहा। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनदर्शन में आने वाले प्रत्येक आवेदक की समस्या का समाधान संवेदनशीलता और प्राथमिकता के साथ किया जाए। साथ ही आवेदनों की नियमित मॉनिटरिंग कर प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। जनदर्शन में जिला पंचायत के सीईओ प्रखर चंद्राकर, अपर कलेक्टर पंकज डाहिरे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## पारा चढ़ा, सड़कें सूनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

महाशिवरात्रि के पावन पर्व के समापन के बाद जैसे ही धार्मिक आयोजनों की रौनक थमी, वैसे ही मौसम ने भी अचानक करवट ले ली। पर्व खत्म होते ही तीसरे दिन से ही गर्मी का असर साफ महसूस होने लगा है। मंगलवार को तेज धूप और बढ़ती तपिश ने लोगों को घरों में रहने पर मजबूर कर दिया। दोपहर के समय पूरा बाजार सूना नजर आया, सड़कें खाली रहीं और आम दिनों की तुलना में चहल-पहल काफी कम दिखी। सुबह के समय हल्की ठंडक का अहसास जरूर हो रहा है, लेकिन जैसे-जैसे सूरज चढ़ रहा है, धूप तीखी होती जा रही है। दोपहर 12 बजे के बाद गर्मी अपने चरम पर पहुंचती दिखाई दी। व्यापारियों का कहना है कि अचानक बढ़ी गर्मी के कारण आज ग्राहको की कमी स्पष्ट रूप से दिखी जिससे कारोबार पर भी असर पड़ा। मौसम में आए इस तेज बदलाव ने जनजीवन की रफ्तार को धीमा कर दिया। राहगीर सिर पर गमछा या कपड़ा बांधकर निकलते दिखे, वहीं ठंडे पेय पदार्थों और शीतल पेय की दुकानों पर थोड़ी चहल-पहल देखी गई। बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि फरवरी के दूसरे पखवाड़े से ही तापमान में बढ़ोतरी की संभावना रहती है यह सच साबित हुई। आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ सकता है। डाक्टरों का कहना है कि चढ़ते गर्मी को देखते हुए सावधानी बरतना जरूरी है। अधिक से अधिक पानी और तरल पदार्थ का सेवन करें। सिर को ढककर ही धूप में निकलें। बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें। बता दें कि महाशिवरात्रि की आस्था और उल्लास के बाद अब मौसम की यह तपिश लोगों की परीक्षा लेने लगी है। आने वाले दिनों में प्रशासन को भी पेयजल और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर सतर्क रहने की आवश्यकता होगी, ताकि गर्मी के बढ़ते प्रभाव से आमजन को राहत मिल सके। तस्वीर में साफ देखा जा सकता है कि शहर के ब्यस्ततम मार्ग गंज रोड सूना नजर आ रहा है। ये तस्वीर दोपहर 2 बजे की है।



## सोनी समाज राजिम ने किया गायक सुनील का सम्मान

**राजिम।** सोनी समाज द्वारा छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं लोकप्रिय पार्श्व गायक सुनील सोनी का सम्मान अध्यक्ष संजय सोनी, कुंदन सोनी, भोजराज सोनी ने पुष्पगुच्छ एवं गमछा भेंट कर किया।

## समावेशी शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों को मिला सहायक उपकरण सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

स्रोत केंद्र में समग्र शिक्षा अंतर्गत समावेशी शिक्षा के तहत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को सहायक उपकरण सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी जी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर विशेष अतिथि लुकेश्वरी जी ने कहा कि "दिव्यांग बच्चे समाज की अनमोल धरोहर हैं। उन्हें आत्मनिर्भर बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। शासन की यह योजना बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। कार्यक्रम में अधिकारी, शिक्षकगण, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर, जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, सभापति लेखराज ध्रुवा, सभापति बलराज पटेल उपस्थित थे।



## पूर्णाहुति के साथ मानस गान का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

ग्राम काण्डेकेला (अमलीपदर) में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर चार दिवसीय संगीतमय भव्य श्रीराम चरित्र मानस गान समस्त ग्रामवासियों के द्वारा आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 09 ख्याति लब्ध मानस परिवार ने अपनी संगीतमय भव्य रामकथा का रसपान कराया गया और मध्य रात्रिकालीन समापन के बेला में श्रध्दा सुमन मानस परिवार सांकरा धमतरी के मानस प्रेमी फालेन्द्र साहू ने अपने सुमधुर आवाज से जसगीत,फागूगीत बारहमासी गीत के साथ भक्तिमय प्रस्तुति दी जिसमें दर्शक दीर्घा ने देर रात तक झूम उठे। पूरे चार दिन तक ग्रामीण राम भक्ति रस में लीन हो गया और सोमवार को विधिवत पूजा अर्चना एवं मंत्र उच्चारण के साथ पूर्णहूति और महाआरती के साथ भण्डार में लोगों ने पहुंचकर श्रध्दा के साथ प्रसादी गृहण किया। इस कार्यक्रम में अनुज कुमार ठाकुर, गीता ठाकुर, पुनितराम ठाकुर, चम्पेश्वरी ठाकुर, प्रियांशु ठाकुर, डिलन्द्री मांझी, पवन कोमर्रा, राजकुमार मांझी, लक्ष्मीलाल, खिलावन साहू, हंसराज, प्रकाश, युवराज कोमर्रा, सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।






प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

## खबर संक्षेप

### भूपेश बघेल का बयान केवल सस्ती लोकप्रियता पाने का शिगूफा : सिन्हा

**मैनपुर।** भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के प्रदेश सहसंयोजक मुरलीधर सिन्हा ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के उस ब्यान का पुरजोर विरोध करते हुए कहा कि यह एक शिगूफा है और पूर्व मुख्यमंत्री का सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए दिया गया ब्यान है, उन्होंने कहा कि यह कोरी कल्पना बात है। श्री सिन्हा ने हमारे प्रतिनिधि से एक मुलाकात में बताया कि शासन 2018 में छत्तीसगढ़ राज्य में कांग्रेस की सरकार धोखे से बन गई



थी और अपने पांच साल के कार्यकाल में पाताल से लेकर आकाश तक भ्रष्टाचार में भूपेश सरकार डूबी थी, पांच साल के कार्यकाल में सत्ता से जाते ही अधिकांश कांग्रेसी नेता या तो जेल में है या बेल है, मौका का नजाकत देखते हुए अधिकारियों ने भी बहती गंगा में हाथ धो लिये जिसमें से कुछ जेल में है अथवा वो भी बेल (जमानत) पर है, यहां तक कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के सुपुत्र ने भी लपेटना नहीं छोड़ा जो अभी जमानत में है और कोर्ट कचहरी का परिक्रमा करना पड़ रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सचिवालय में रही राज्य प्रशासनिक अधिकारी सौम्या चौरसिया ने संपत्ति अर्जित कर ली थी जो भूपेश सरकार के जाते ही घोटाला का उजागर हुआ और जेल की हवा खाने से बच नहीं पाई, जांच एजेंसियां आय से अधिक अर्जित संपत्ति को अटैच कर ली है। भाजपा नेता मुरलीधर सिन्हा ने कहा कि भाजपा में नीयत, नेता और नेतृत्व कमी नहीं है ऐसे में हमारे देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री विश्व में अपने नेतृत्व से डंका बजाने वाले आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी एवं कुशल रणनीतिकार केन्द्रीय गृहमंत्री आदरणीय अमित शाह जी अलोकप्रिय नेता व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को भाजपा में आने का ऑफर कैसे दे सकते हैं? भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक मुरलीधर सिन्हा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के द्वारा सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए दिया गया ब्यान है, यह एक भूपेश बघेल द्वारा छोड़ा गया शिगूफा है।

### आत्मानंद स्कूलों की बदहाली भाजपा सरकार की नाकामी का प्रत्यक्ष प्रमाण : सुखचंद बेसरा

**गरियाबंद।** जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद के अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट



विद्यालयों की उपेक्षा का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिंदी माध्यम स्कूल योजना का उद्देश्य गरीब और मध्यम वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना था, लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद इन स्कूलों की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। सुखचंद बेसरा ने मीडिया को जारी बयान में कहा कि कई स्कूलों में लैब सामग्री, खेलकूद उपकरण और पुस्तकालय रखरखाव के लिए पर्याप्त फंड उपलब्ध नहीं है। प्रमुख विषयों के शिक्षकों के पद रिक्त पड़े हैं, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

**विडंबना : भूमि संरक्षण विभाग द्वारा घटिया निर्माण के चलते आज तक नहीं हुआ उपयोग**

# 40 लाख रुपए के मल्टीएक्टिविटी केंद्र उपयोग से पहले ही खंडहर में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रे के विकास के लिए अनेक योजनाएं संचालित किया जा रहा है लेकिन देख रेख के अभाव में और विभागीय अधिकारियों के मनमाने रवैये के कारण इसका लाभ ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को नहीं मिल पा रहा है और तो और ग्रामीण वनांचल क्षेत्र में निर्माण कार्यों का जायजा लेने वाला कोई नहीं है जिसके कारण सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओ पर पानी फिरता नजर आ रहा है। सबसे ज्यादा परेशान करने वाला बात यह कि मामले की शिकायत के बाद कोई कार्यवाही नही होने से संबंधित विभाग के भ्रष्ट तंत्र का मनोबल बढ़ता जा रहा है और मनमानी तरीके से कार्यो को अंजाम दिया जा रहा है। एक नही ऐसे दर्जनो उदाहरण गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में देखने को मिल जायेगी।

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 09 किमी दूर ग्राम पंचायत बोईरगांव के आश्रित ग्राम बेहराडीह मे वर्श 2023–24 में भूमि संरक्षण विभाग गरियाबंद द्वारा लागत 9.48 लाख रूपये से अलग-अलग तीन मल्टीएक्टिवीटी केन्द्र का निर्माण लगभग 40 लाख रूपये भारी भरकम राशि खर्च कर किया गया है जब इस भवन का निर्माण किया जा रहा था तो इसके घटिया निर्माण की शिकायत क्षेत्र के जनप्रतिनिधियो द्वारा किया गया था लेकिन संबंधित विभाग द्वारा इस ओर कोई ध्यान नही दिया गया यह भवन का निर्माण 2025 में पूरा हुआ एक वर्ष बितने को जा रहा है आज तक यह भवन का उपयोग किसी भी कार्य के लिए नही किया गया और घटिया तथा स्तरहीन निर्माण के कारण तीनो भवन अभी से जर्जर और खंडहर हो गया है इसके शटर दरवाजे खिड़की हवा में उड़ गये तो वहीं भवन का नींव बाहर निकल गया है यह भवन का निर्माण किस उद्देश्य से किया गया है और इसकी क्या उपयोगिता है आज तक समझ नही आया और तो और इस घटिया और जर्जर भवन निर्माण में जो भारी भ्रष्टाचार किया गया है इसका निष्पक्ष जॉच किया जाये तो कई गंभीर मामले सामने आयेंगे।

क्षेत्र के लोगो ने गरियाबंद जिले के कलेक्टर भगवान सिंह उइके एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर से मांग किया है कि बेहराडीह में निर्माण किये गये इस कार्य की जॉच किया जाये और दोशी निर्माण एजेंसी के संबंधित अधिकारियो पर कार्यवाही किया जाये और शासकीय राशि की वसुली किया जाये।






**जानकारी मंगवाने के बाद बताऊंगा**

जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीएस नागवंशी ने कहा की इस भवन के बारे में पूरी जानकारी मंगवाने के बाद कुछ बता पाऊंगा।

**भवन का स्ट्रक्चर कमजोर**

मिली जानकारी के अनुसार स्वसहायता समूह को रोजगार दिलाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत बोईरगांव के अति पिछड़ी जनजाति के आश्रित ग्राम बेहराडीही ग्राम में भी जिला भूमि सरंक्षण विभाग के उप संचालक द्वारा महिलाओं को रोजगार और सशक्त बनाने के उद्देश्य से तीन भवन बनवाए गये है जो इन भवनों में गुणवत्तापूर्ण काम नहीं किया गया है भवन का स्ट्रक्चर मजबूत नहीं बनाया गया इसमें बीम ढाले बिना ही शटर लगाई जिसके कारण यह हवा में उड़ गया।



## राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स चैम्पियनशीप में जिले के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोपरा

विगत दिनों जबलपुर में 13 से 15 फरवरी तक राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप का आयोजन हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य से विभिन्न आयु वर्ग में 45 खिलाड़ियों ने छत्तीसगढ़ मास्टर एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष नबी मोहम्मद के नेतृव में उक्त आयोजन में भाग लिए और राज्य को 25 गोल्ड 22 रजत और 22 कॉँस्य पदक दिलाये। जिसमे गरियाबंद जिले से 15 मास्टर खिलाड़ियों ने भाग लिए और 8 गोल्ड, 4 रजत और 8 कांस्य पदक प्राप्त किए। इन खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार से है -हरिश्चन्द्र निषाद पांडुका से 55 प्लस आयु वर्ग में 1500 मीटर, और 5000 मीटर में कॉँस्य पदक, प्रेमसिंग नागेश राजिम से 45 प्लस आयु वर्ग में 110 मीटर हर्डल में गोल्ड पदक, 100 मीटर दौड़ में रजत, लंबी कूद में कांस्य पदक, चित्ररेखा नागेश राजिम से 45 प्लस आयु वर्ग में लम्बी कूद और 80 मीटर हर्डल में गोल्ड पदक, 200 मीटर में रजत पदक, संजीत कुमार निषाद पीपर छेड़ी से 30 प्लस आयु वर्ग में 110 मीटर हर्डल और 400 मीटर रिले में गोल्ड, 400 मीटर दौड़ में कांस्य पदक, प्रतिमा मानिकपुरी पक्तियां से 45 प्लस आयु वर्ग में 5000 मीटर पैदल चाल में रजत पदक, जागेश्वर ध्रुव खडमा से 50 प्लस आयु वर्ग में 5000 मीटर पैदल चाल में कांस्य पदक, वेद कुमार ध्रुव भैसामुडा से 30 प्लस आयु वर्ग में 400 मीटर रिले में गोल्ड, सतीश कुमार मैनपुर से 30 प्लस आयु वर्ग में 100 मीटर दौड़ में गोल्ड पदक, हर्षल राजिम से 30 प्लस आयु वर्ग में 400 मीटर रिले में गोल्ड, तवा फेंक और 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक, प्राप्त किये। इन खिलाड़ियों के उपलब्धि पर इनके से संस्था प्रमुखों और स्टाफ के शिक्षक गण, मित्रजन आदि ने शुभकामनाएं दी।

## सेंट जॉन्स स्कूल में श्रद्धा और प्रेम के साथ मनाया गया मातृ-पितृ दिवस



हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुरा

सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल में मातृ-पितृ दिवस उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक सजावट से सुसज्जित किया गया, जिससे कार्यक्रम स्थल उत्सवमय दिखाई दिया।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य, कविता पाठ एवं लघु नाटिका की मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से माता-पिता के प्रति अपने प्रेम और सम्मान को अभिव्यक्त किया। बच्चों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों को भावुक कर दिया तथा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।विद्यालय प्राचार्य बिंदु जार्ज जेकब ने अपने उद्बोधन में कहा कि माता-पिता बच्चों के जीवन के प्रथम गुरु होते हैं। उनके मार्गदर्शन एवं संस्कार से ही बालकों का सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में पारिवारिक मूल्यों एवं कृतज्ञता की भावना का विकास होता है। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों के लिए भी विभिन्न रोचक प्रतियोगिताएं एवं गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें उन्होंने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। अंत में उप प्राचार्य लोवित रत्नाकर ने विद्यालय परिवार द्वारा सभी अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## अटल टिंकरिंग लैब ने टेलीस्कोप से दिखाए बृहस्पति और उसके चंद्रमा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम



अटल टिंकरिंग लैब कौन्दकेरा के प्रभारी मीनाक्षी शर्मा ने आमजन ,युवाओं एवं छात्र-छात्राओं को ब्रह्मांड की विशालता का अनुभव कराया। इस विशेष आयोजन में अत्याधुनिक टेलीस्कोप के माध्यम से लोगों ने बृहस्पति ग्रह एवं उसके चमकते चंद्रमाओं को एक साथ देखकर इस खगोलीय नजारे को विस्मय प्रकट किया। मीनाक्षी शर्मा एवं सतीश मालवीय, ज्ञानेंद्र शर्मा, रीतेश पटेल की टीम के कुशल नेतृत्व में हुआ। खगोल विज्ञान के विशेषज्ञ और पीएमश्री सेजेस बसना के एस्ट्रोनॉमी लैब के प्रभारी अजय भोई ने दर्शकों को खगोलीय पिंडों की विज्ञान और संस्कृति से जुड़ी जानकारियाँ प्रदान की। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जन-मानस में वैज्ञानिक चेतना का विकास करना और अंधविश्वासों को दूर कर अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति जिज्ञासा पैदा करना रहा।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कलेक्टर भगवानदास उईके, सीईओ प्रखर चंद्राकर, एसपी वेदव्रत सिरमौर, एसडीएम विशाल महाराणा, तहसीलदार मयंक अग्रवाल, अवंतिका गुप्ता, नोमेश साहू, जनसंपर्क अधिकारी हेमनाथ सिदार ,डीईओ जगजीत सिंह धीर, शिवेश शुक्ला, बुद्धविलास सिंह, श्याम चंद्राकर, मनोज केला छन्नू सिन्हा, सुभाष शर्मा, ज्ञानेंद्र शर्मा, सतीश मालवीय, रितेश पटेल, कार्यक्रम संयोजिका मीनाक्षी शर्मा बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।



### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक

**छुरा।** भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशभाऊ ठाकरे परिसर रायपुर मे प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर सयुंक्त मोर्चा की प्रथम बैठक आहूत हुई। जिसमे प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह एवं प्रदेश संगठन क्षेत्रीय महामंत्री अजय जामवाल जी का मार्गदर्शन सभी को प्राप्त हुआ। बैठक की शुरुवात मे सभी अतिथियों का समस्त मोर्चा के प्रदेश अध्यक्षगणों द्वारा गज माला पहना कर आत्मीय स्वागत किया गया। बैठक में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मखमूर इक़बाल खान के नेतृत्व मे प्रदेश के पदाधिकारि, विशेष आमंत्रित सदस्य एवं कार्यसमिति सदस्यगण सहित समस्त जिला के अध्यक्षगणों की उपस्थिति रही। बैठक के अंत में अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा जारी किए गए साल 2026 के कैलेंडर का विमोचन भाजपा प्रदेश अध्यक्षकिरन देव एवं अजय जामवाल के हाथों से किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष इमरान अली सहित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## व्हाट्सएप पर फोटो भेजते ही होगी शहर की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवापारा-राजिम

छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय निकाय एवं विकास विभाग ने शहरी क्षेत्रों में सफाई के लिए ऑनलाइन मॉनिटरिंग प्रारंभ की है। नगरीय निकाय विभाग द्वारा व्हाट्सएप नंबर जारी कर शहरवासियों को संभागवार,जिला, शहर एवं स्थान की जानकारी उपलब्ध करवाने पर तुरंत सफाई का प्रावधान है। छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के समस्त नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायत यह सुविधा लागू की गई है। राज्य शहरी विकास अभिकरण द्वारा जारी हेल्प लाइन नंबर 8519009090 के माध्यम से ऑनलाइन सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग की जा रही है। मोबाइल में शिकायत दर्ज होने के पश्चात शिकायतकर्ता को शिकायत आईडी ऑनलाइन उपलब्ध हो जाएगी। नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अंतर्गत राज्य के अन्य शहरों में गंदगी या ब्लैक स्पॉट कूड़े की ढेर की फोटो और जानकारी इस नंबर पर भेज कर शिकायत दर्ज की जा सकती है यह /"सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ/" और /"स्वच्छ भारत मिशन/" के तहत नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने के लिए एक एकीकृत राज्य स्तरीय हेल्पलाइन नंबर है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नगरीय निकाय क्षेत्रों में कूड़े कचरे सफाई की मॉनिटरिंग के लिए व्हाट्सएप चैट बाट के माध्यम से सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। डिजिटल संसाधनों के उपयोग से शहर में कचरे की जा न का री निकाय तक पहुंचाने के लिए शहरवासियों को सुविधा उपलब्ध कराई गई है। लवकेश पैकरा सीएमओ, नगर पालिका परिषद नवापारा ने कहा की यह योजना अधिक कारगर एवं प्रभावी साबित हो रही है।




**सराहनीय पहल**





ओमकुमारी-संजय साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद नवापारा ने कहा की नगर एवं शहरों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाएं रखने के उद्देश्य से शासन द्वारा व्हाट्सएप नंबर के माध्यम से स्वच्छता के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं जो स्वागत योग्य है। स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत खासकर बच्चों एवं युवाओं की सक्रिय भागीदारी के लिए डिजिटल साधनों के माध्यम से स्वच्छता के कार्य सराहनीय पहल है। नवापारा नगर पालिका ,नगर को साफ सुंदर एवं स्वच्छ बनाए रखने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

## लंबित मानदेय को लेकर आवासमित्र परेशान, विधायक कों सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोपरा



विकासखंड फिंगेश्वर में कार्यरत 24 आवास मित्र शासन की महत्वपूर्ण योजना में विगत 14 माह से कार्यरत है जिन आवास मितत्रो कों उचित मानदेय नहीं मिलेने से खासा परेशान है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आवास निर्माण कार्य में प्रगति लाने के उद्देश्य से प्रत्येक कलस्टर में आवास मित्रों की नियुक्ति जिला पंचायत द्वारा की गई थी। जिसमे पिछले 14 महिनों से संतुष्टि जनक भुगतान नहीं होने से आवास मित्र आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान है ।और दफ्तरो से लेकर विधायक तक चक्कर काटने मजबूर हो गये है. जिला पंचायत द्वारा प्रत्येक आवासमित्र को लगभग 150 से 300 तक आवास बनाने का लक्ष्य दिया गया था। जिसके फलस्वरुप आवास मित्र द्वारा लगभग 80% प्रतिशत वर्ष 2024-25 में पूर्ण कर लिया गया है। परंतु आवास मित्रो को अभी तक लगभग 30% राशि का भुगतान जनपद पंचायत द्वारा किया गया है, शेष बचे राशि को लेकर जिला पंचायत द्वारा संतोष प्रद भुगतान के लिए संशय बना हुआ है जिससे आवासमित्र आथिर्क व मानसिक रूप से परेशान है इस संबंध में आवसमित्रो द्वारा राजिम विधायक रोहित साहू को ज्ञापन सौंपा है और विधायक से जल्द से जल्द भुगतान करने की मांग की गई।

